भोले की कावड़ लाऊंगा | By Nikunj Prem

ॐ नमः शिवाय का मैंने जाप किया है
लेके शिव का नाम ये संकल्प लिया है
भोले की कांवड़ लाऊंगा, बम बम भोले
मैं गंगा जल ले आऊंगा, बम बम भोले
मैं शिव को मनाऊंगा, बम बम भोले

जो कावड़ को है लाता शिव उसका साथ निभाता
जो हर की पौड़ी नहाता वो शिव के मन को भाता
मैं हर की पौड़ी नहाऊंगा बम बम भोले
मैं भोले को मनाऊंगा बम बम भोले
भोले की कावड़ लाऊंगा बम बम भोले
मैं शिव को मनाऊंगा बम बम भोले

कावड़ की महिमा भारी ये जाने दुनिया सारी
कितनो को ही है तारा अब आई मेरी बारी
अबके मैं भी कर जाऊँगा बम बम भोले
अब के मैं भी तर जाऊँगा बम बम भोले
भोले की कावड़ लाऊंगा बम बम भोले
मैं शिव को मनाऊंगा बम बम भोले

ये कावड़ियों की टोली बोले है शिव शिव बोली
शिव भक्त बड़े अलबेले खेले हैं प्रेम की होली
मैं शिव के रंग रंग जाऊँगा बम बम भोले
भोले की कावड़ लाऊंगा बम बम भोले
मैं शिव को मनाऊंगा बम बम भोले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%8a%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be-by-nikunj-prem/